>

Title: Need to speedy implementation of rural electrification programme in Begusarai Parliamentary constituency in Bihar.

श्री राजो सिंह (बेगूसराय): सभापति जी, बिहार राज्य के मेरे बेगूसराय संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में ग्रामीण विद्युतीकरण की योजनाएं पूरी तरह ठप्प पड़ी हैं। इस क्षेत्र में पिछले कई वर्षों से इन योजनाओं पर नगण्य कार्य हुआ है। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कैन्दी (हलसी प्रखंड) में तथा शेखपुरा में दो पावर सब स्टेशन कई वर्षों से बन रहे हैं और उनसे विद्युत उत्पादन का कार्य अभी तक शुरू नहीं हुआ है। इस क्षेत्र में ग्रामीण विद्युतीकरण की योजनाएं इन दोनों सब स्टेशनों के कार्य प्रारंभ न करने की वजह से ही ठप्प पड़ी हैं। सरकार को ग्राम कैन्दी तथा शेखपुरा दोनों जगहों पर बनने वाले सब स्टेशनों का कार्य शीघ्र पूरा करके उस क्षेत्र की ग्रामीण विद्युतीकरण की योजनाओं को तेजी से लागू करना चाहिए।